# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः19.12.2025

**थाना लालगंज साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 5000/- को मात्र 06 घण्टे के अन्दर पीड़िता के खाते में कराया गया वापस —**

आवेदिका-श्रद्धा पाण्डेय निवासिनी नदौली करौली थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा थाना लालगंज के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के मोबाइल नम्बर कॉल कर के खाते में पैसा पहुंचने की बात बतायी गयी, जैसे ही आवेदिका द्वारा यूपीआई पिन प्रविष्ट किया गया उसके खाते से ₹ 5000/- गायब हो गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लालगंज की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

“सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त साइबर ठगी की घटना में जाँच कर त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 06 घण्टे के अन्दर सम्पूर्ण धनराशि ₹ 5000/- को पीड़िता के खाते में वापस कराया गया । खाते में पैसे वापस आने पर आवेदिका के भाई द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर सेल टीम थाना लालगंज की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। थाना लालगंज साइबर सेल टीम द्वारा साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा अपने सगे सम्बन्धियों को भी इस लाभप्रद जानकारी से अवगत कराने की अपील की गयी।

**साइबर सेल टीम, थाना लालगंज —**

उप-निरीक्षक भारत सुमन व अनिलेश द्विवेदी ।

आरक्षी कुलदीप पाल व महिला आरक्षी अंजली ।




*******